प्रेस नोट थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर दिनांक 15.03.2026

ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित आवेदक के कुल ₹ 57,310/- रुपए वापस दिलाया गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्वेक्षण में व थानाध्यक्ष चिलुआताल के नेतृत्व में मय साइबर सेल टीम थाना चिलुआताल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आवेदक नितेश यादव का पैसा होल्ड कराया गया एवं मा0 न्यायालय के आदेश पर आवेदक के खाते में कुल ₹ 57,310/- (सत्तावन हजार तीन सौ दस रूपये) वापस कराया गया है।

विवरण- आवेदक द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि साइबर अपराधी द्वारा आवेदक के मोबाइल में ट्रेडिंग का फर्जी apk एप्लीकेशन इंस्टॉल करवा दिया था, तथा उस apk के माध्यम से 57310 रूपये आवेदक के खाते से निकाल लिए। बाद में आवेदक को ज्ञात हुआ कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है आवेदक ने थाना चिलुआताल से संपर्क किया। जिसपर थाना चिलुआताल की साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक का ₹ 57,310/- (सत्तावन हजार तीन सौ दस रूपये)   वापस कराया गया।

बरामदगी की टीम-

1. थानाध्यक्ष सूरज सिंह थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
2. व0उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 (साईबर नोडल) सच्चिदानन्द पाण्डेय थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
4. कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी अविराम थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर
5. आरक्षी सत्येंद्र थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर